कार्यालयः मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रूद्रप्रयाग।

आदेश संख्या 29 / दिनांकः 29.10.2026

कार्यालय आदेश

जैसा कि अवगत है कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन अधिनियम संख्या–12, 2026 द्वारा उक्त मूल अधिनियम की धारा–13 में अन्य उपधाराओं के साथ–साथ उपधारा–3ए जोड़कर उक्त उपधारा–3ए के माध्यम से जन्म/मृत्यु के संबंध में ऐसे प्रकरणों, जहाँ जन्म/मृत्यु की घटना के दो वर्ष की अवधि से अधिक समय पश्चात वांछित जन्म/मृत्यु प्रमाणपत्र की याचना की जा रही हो, में वांछित जन्म/मृत्यु प्रमाणपत्र केवल थानाक्षेत्र में सम्वन्धित क्षेत्राधिकारिता रखने वाले प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट के आदेश के पश्चात ही वांछित शुल्क भुगतान उपरान्त निर्गत किया जा सकेगा। उक्त संशोधन दिनांक 01.10.2026 से लागू हो चुका है।

अतः माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया के आदेश के अनुक्रम में कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला रूद्रप्रयाग के अध्याधीन क्षेत्राधिकारिता वाले थानों से सम्बन्धित ऐसे प्रकरणों बाबत व्यवस्था निम्नतः की जाती है–

(1). थाना रूद्रप्रयाग के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त वर्णित प्रकीर्ण मामलों/वादों को प्रस्तुत करने, सुनवायी करने व निस्तारण करने का क्षेत्राधिकार अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त होगा।

(2). थाना अगस्त्यमुनि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त वर्णित प्रकीर्ण वादों को प्रस्तुत करने, सुनवायी करने व निस्तारण करने का क्षेत्राधिकार न्यायिक मजिस्ट्रेट, रूद्रप्रयाग को प्राप्त होगा।

(3). थाना ऊखीमठ, थाना गुप्तकाशी, थाना सोनप्रयाग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त वर्णित प्रकीर्ण वादों को प्रस्तुत करने, सुनवायी करने व निस्तारण करने का क्षेत्राधिकार बाह्य न्यायालय उखीमठ, जिला रूद्रप्रयाग को प्राप्त होगा।

उक्त आदेश तत्काल से प्रभावी होगा।

29.10.2026

दिनांक–29.10.2026

(अमित कुमार)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक 248 **/2026 दिनांकः रूद्रप्रयाग, दिनांक अक्टूबर** 29**, 2026**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया, रूद्रप्रयाग को 'सादर' सूचनार्थ प्रेषित।
2–जिला मजिस्ट्रेट, रूद्रप्रयाग।
3–पुलिस अधीक्षक, जिला रूद्रप्रयाग
4–संबंधित न्यायालय।
5–ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी जिला रूद्रप्रयाग
6–संबंधित थाना।
7–अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, जिला रूद्रप्रयाग।
8–सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय रूद्रप्रयाग।
9–गार्ड फाईल।

29.10.2026

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
रूद्रप्रयाग।